सिंघाना पंचायत समिति क्षेत्र की दो पंचायतों में मतदान के दौरान प्रत्याशियों के समर्थक भिड़े

ग्राम पंचायत मोई भारू में फर्जी मतदान के आरोपों को लेकर ग्रामीणों ने नाराजगी जताई

सिंघाना, (निसं)। सिंघाना पंचायत समिति क्षेत्र की 22 ग्राम पंचायतों में शुक्रवार को सरपंच पद के लिए मतदान संपन्न हुआ। लोकतंत्र के इस उत्सव में मतदाताओं ने उत्साह के साथ भाग लिया और अपने मताधिकार का प्रयोग किया। क्षेत्र में कुल 76.48 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। हालांकि, मतदान के दौरान कुछ स्थानों पर चुनावी सरगर्मी तनाव में बदल गई। भैसावता खुर्द और खानपुर ग्राम पंचायतों में सरपंच प्रत्याशियों के समर्थकों के बीच भिड़ंत और विवाद की घटनाएं सामने आईं, वहीं मोई भारू में फर्जी मतदान के आरोपों को लेकर ग्रामीणों ने नाराजगी जताई। घटनाओं की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया।



खानपुर ग्राम पंचायत में सरपंच प्रत्याशियों के समर्थकों के बीच विवाद हो गया।

- भैसावता खुर्द में पत्थर लगने से युवक घायल, खानपुर में टेंट उखाड़ा, पुलिस मौके पर पहुंची

भैसावता खुर्द में पत्थर लगने से युवक घायल :- भैसावता खुर्द ग्राम पंचायत में सरपंच प्रत्याशियों के समर्थक आमने-सामने हो गए। दोनों पक्षों के बीच हुई भिड़ंत के दौरान भैसावता कलां निवासी सत्यवीर सिंह के सिर में पत्थर लगने से चोट आई। घटना के बाद मौके पर तनाव की स्थिति बन गई। सूचना मिलने पर पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और हालात को संभालते हुए स्थिति को नियंत्रण में लिया।

खानपुर में समर्थकों के बीच तनातनी, टेंट उखाड़ा :- खानपुर ग्राम पंचायत में भी सरपंच प्रत्याशियों के समर्थकों के बीच विवाद हो गया। देखते ही देखते दोनों पक्षों के बीच तनातनी बढ़ गई। इस दौरान टेंट उखाड़ने की घटना भी सामने आई। घटनाक्रम के बाद क्षेत्र में तनाव का माहौल बन गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और हस्तक्षेप कर स्थिति को नियंत्रित किया।

ग्राम पंचायत मोई भारू में फर्जी मतदान के आरोप, ग्रामीणों ने जताया आक्रोश :- मोई भारू ग्राम पंचायत में फर्जी वोट डालने के आरोपों को लेकर ग्रामीणों ने नाराजगी जताई। मतदान केंद्र पर इस मुद्दे को लेकर आक्रोश का माहौल देखने को मिला। ग्रामीणों ने मतदान प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए अपनी आपत्ति दर्ज कराई। हालांकि, फर्जी मतदान के आरोपों की पुष्टि के संबंध में कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई। मतदान के दौरान सामने आई घटनाओं की सूचना पर खेतड़ी नगर थानाधिकारी राकेश कुमार, सीआई सुगन सिंह और रिजर्व पुलिस जाब्ता मौके पर पहुंचा। पुलिस अधिकारियों ने घटनास्थलों का जायजा लेते हुए स्थिति को नियंत्रित करने के प्रयास किए। संवेदनशील स्थानों पर पुलिस की मौजूदगी बढ़ाकर शांति व्यवस्था बनाए रखने पर जोर दिया गया।

वहीं, रिटर्निंग अधिकारी बाबूलाल बिजारणियां ने भी मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मतदान के दौरान कुछ स्थानों पर विवाद और तनाव की घटनाओं के बावजूद प्रशासन एवं पुलिस ने मौके पर पहुंचकर हालात संभालने का प्रयास किया। कुल मिलाकर सिंघाना पंचायत समिति क्षेत्र में 76.48 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया।

सवाई माधोपुर में 25 हजार का इनामी स्मैक तस्कर गिरफ्तार

आरोपी को मादक पदार्थों की तस्करी का मुख्य संचालक बताया गया है



कुण्डेरा थाना पुलिस एवं जिला विशेष टीम ने स्मैक तस्कर जसराम को दबोचा।

सवाई माधोपुर, (निसं)। जिले में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी और खरीद-फरोख्त के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कुण्डेरा थाना पुलिस एवं जिला विशेष टीम ने कार्रवाई करते हुए 25 हजार रुपए के इनामी स्मैक तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 13.34 ग्राम अवैध स्मैक बरामद की है।

पुलिस अधीक्षक ज्येष्ठा मैत्रेयी के निर्देशानुसार तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नेहा अग्रवाल और वृत्ताधिकारी राजेन्द्र मीना के निकटतम सुपरविजन में शुक्रवार को यह कार्रवाई की गई। संयुक्त पुलिस टीम ने जिला मुख्यालय के टॉप-10 अपराधियों में शामिल और राज्य स्तर पर चिन्हित अवैध मादक पदार्थों के तस्कर जसराम उर्फ झब्बू मीना (34) निवासी उलियाना, थाना कुण्डेरा को उलियाना मोड़ से गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था। जिला पुलिस अधीक्षक की ओर से उसकी गिरफ्तारी पर 25 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था। आरोपी को मादक पदार्थों की तस्करी का मुख्य संचालक बताया गया है। वह सवाई माधोपुर के अलावा करौली, टोंक, कोटा सहित अन्य जिलों के मामलों में भी वांछित चल रहा था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दिया है। पुलिस अब आरोपी से मादक पदार्थों की तस्करी के नेटवर्क और अन्य संलिप्त लोगों के संबंध में पूछताछ कर रही है।

बीकानेर की मूसेवाला ग्राम पंचायत में चुनाव के दौरान फर्जी वोट का आरोप

दो पक्षों के लोग भिड़े, एक पक्ष के मजीद ख़ान के सिर में चोट लगी

बीकानेर, (निसं)। बीकानेर में बज्जू खालसा की मूसेवाला ग्राम पंचायत में चुनाव के दौरान फर्जी वोट का आरोप लगाते हुए दो पक्ष आमने-सामने हो गए। इस दौरान दो पक्षों के लोग आपस में भिड़ गए। इससे एक पक्ष के मजीद ख़ान पुत्र गावर अली के सिर में चोट लगी, जिससे खून बहने लगा। इसके बाद भी दोनों पक्षों के बीच झगड़ा रुका नहीं बल्कि बढ़ता गया। बाद में आसपास तैनात पुलिसकर्मियों को मौके पर बुलाया गया। आरएसी के जवानों को भी तैनात किया गया है। फिलहाल क्षेत्र में शांतिपूर्ण स्थिति है।

- दोनों पक्षों के बीच झगड़ा रुका नहीं बल्कि बढ़ता गया, आसपास तैनात पुलिसकर्मियों को मौके पर बुलाया गया

दोपहर तीन बजे तक हुए मतदान में भी बीठनोक सबसे आगे रहा। यहां अब तक 76 प्रतिशत मतदाता वोट कर चुके हैं, जबकि बीकानेर में सबसे कम 66.10 प्रतिशत मतदान हुआ है। बज्जू में 72.21 प्रतिशत, हदां में 74.79 प्रतिशत और कोलायत में 69.50 प्रतिशत मतदान हुआ। बीठनोक में अस्सी फीसदी से ज्यादा मतदान तय माना जा रहा है। बीकानेर की सभी ग्राम पंचायतों में चुनाव को लेकर भारी पुलिस बल तैनात किया गया। रुणिया पंचायत समिति के चुनाव में हुए विवाद के बाद सभी पुलिस अधिकारियों को अपने अपने क्षेत्र में लगातार गश्त पर रहने के साथ ही अतिरिक्त रिजर्व पुलिस दी गई है ताकि तुरंत मौके पर पहुंच सकें। किलचू देवड़ान में नापासर थानाधिकारी कविता पूनिया स्वयं बूथ पर तैनात रही।

भूरासर में फर्जी मतदान को लेकर हंगामा

बज्जू, (निसं)। पंचायत चुनाव के दूसरे चरण में आज सरपंच और वार्ड पंच के लिए मतदान हुआ। बज्जू खालसा पंचायत समिति की 37 ग्राम पंचायतों में वोट डाले गये। वहीं, बज्जू में फर्जी मतदान को लेकर संघर्ष का मामला सामने आया है। हालांकि पुलिस प्रशासन मुस्तैद हैं और स्थिति कंट्रोल में है। चारणवाला ग्राम पंचायत में सरपंच और वार्ड पंच के सभी पदों पर उम्मीदवार निर्विरोध चुने जा चुके हैं। मतदान केंद्रों पर सुबह से मतदाताओं की कतारें लगी हैं। सरपंच पद के उम्मीदवार और उनके समर्थक मतदाताओं से वोट देने की अपील की।

चलती ट्रेन में महिला यात्री ने शिशु को जन्म दिया, जच्चा-बच्चा स्वस्थ

कोटा, (निसं)। गाड़ी संख्या 12903 गोल्डन टेंपल मेल में यात्रा के दौरान एक महिला यात्री ने शिशु को जन्म दिया। नागदा-शामगढ़ रेलखंड के बीच हुए प्रसव के दौरान रेलवे के टीटीई ने तत्परता दिखाते हुए चिकित्सा सहायता की व्यवस्था कराई, साथ ही कोटा एवं गंगापुर सिटी स्टेशनों पर रेलवे चिकित्सकों ने समय पर चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई गई जच्चा और बच्चा दोनों स्वस्थ हैं।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ जैन ने बताया कि 28 वर्षीय निशा देवी अपने पति रतन साहनी के साथ सूरत से मथुरा की यात्रा कर रही थीं, महिला का आरक्षण कोच बी-5 की सीट संख्या 31 पर था। यात्रा के दौरान प्रसव पीड़ा होने पर यात्रियों ने ड्यूटी पर तैनात टीटीई के.के. मीना एवं बलराम मीना से संपर्क कर सहायता मांगी। दोनों टीटीई ने तत्काल स्थिति को संभालते हुए संबंधित अधिकारियों को सूचना दी और चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक समन्वय किया। इसी दौरान नागदा-शामगढ़ रेलखंड के बीच महिला ने शिशु को जन्म दिया, सूचना मिलते ही कोटा रेलवे स्टेशन पर रेलवे चिकित्सकों की टीम तैयार रखी गई। ट्रेन के कोटा पहुंचने पर चिकित्सकों ने महिला एवं नवजात का प्राथमिक परीक्षण और उपचार किया, इसके बाद यात्रियों की सहमति से उन्हें आगे की यात्रा जारी रखने दी गई। यात्रा के दौरान महिला को पुनः स्वास्थ्य संबंधी परेशानी होने पर गंगापुर सिटी स्टेशन पर रेलवे चिकित्सा दल को सूचित किया गया। उपमंडल रेलवे चिकित्सालय के डॉ. असलम अंसारी एवं वरिष्ठ मंडल चिकित्सा अधिकारी डॉ. सत्यवीर डूडी एंबुलेंस सहित स्टेशन पहुंचे। चिकित्सकों ने प्रसूता और नवजात का प्राथमिक उपचार किया तथा बेहतर चिकित्सा देखभाल के लिए उन्हें एंबुलेंस से राजकीय अस्पताल पहुंचाया।

कीटनाशक पीने से युवक की मौत

सादुलपुर, (निसं)। सादुलपुर के हमीरवास बड़ा के एक युवक की कीटनाशक पदार्थ पीने से उपचार के दौरान मौत हो गई, जिसको लेकर हमीरवास थाने में मर्ग रिपोर्ट दर्ज करवाई गई है।

थानाधिकारी हमीरवास सतपाल विश्नोई ने बताया कि दर्ज रिपोर्ट के अनुसार बलवान सिंह पुत्र मनोहरलाल जांगिड़ निवासी हमीरवास बड़ा ने बताया कि उसका 35 वर्षीय पुत्र राजेश अपने परिवार सहित पिलानी में रहकर खेती बाड़ी का कार्य करता था। 29 अक्टूबर को सांय करीब 5 बजे उसके पुत्र राजेश ने गलती से कीटनाशक पदार्थ पी लिया। जिस पर राजेश को इलाज हेतु बिड़ला अस्पताल पिलानी लेकर गए जहां दौरान इलाज के दौरान पिलानी अस्पताल में राजेश की मौत हो गई। हमीरवास पुलिस के अनुसार, प्रार्थी ने बताया कि उसके पुत्र की मौत गलती से कीटनाशक पदार्थ पीने से ही हुई है। जिसकी लाश बिड़ला अस्पताल पिलानी की मोर्चरी रूम में रखी है। जहाँ से सांखू सीएचसी में मृतक का पोस्टमार्टम करवाकर शव उनके परीजनों को सौंप दिया। हमीरवास थाना पुलिस ने मर्ग दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सादुलपुर क्षेत्र में युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, हत्या का आरोप

सादुलपुर, (निसं)। सिद्धमुख थाना क्षेत्र के गांव ढाणी बड़ी में एक 24 वर्षीय युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। मृतक के परिजनों ने गांव के ही पड़ोसी पिता-पुत्र सहित अन्य लोगों पर लाठी-डंडों से बेरहमी से मारपीट कर हत्या करने का आरोप लगाया है। घटना की सूचना मिलते ही थाना अधिकारी धर्मेंद्र सिंह पुलिस दल के साथ मौके पर पहुंचे। घायल अवस्था में युवक को अस्पताल में भर्ती करवाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

- परिजनों ने पड़ोसी पिता-पुत्र सहित कई लोगों पर मारपीट कर हत्या करने का आरोप लगाया, पुलिस ने मामले की जांच शुरु की

इस संबंध में थाना अधिकारी ने बताया कि मृतक के भाई विकास कुमार ने मामला दर्ज करवाकर बताया कि 29 और 30 अक्टूबर की मध्यरात्रि करीब पौने चार बजे उसके फूफा पवन कुमार का फोन आया। उन्होंने बताया कि उसके भाई सुनील के साथ गांव के भरतसिंह पुत्र भागाराम और भागाराम ने अपने घर पर बुलाकर मारपीट की है। गंभीर चोटें आने के कारण पुलिस उसे अस्पताल लेकर गई है। सूचना मिलने पर विकास कुमार सुबह करीब 7 बजे अपने गांव ढाणी बड़ी पहुंचा। दर्ज मामले में बताया कि उसकी दादी रेशमा ने बताया कि रात करीब 11 बजे वह और सुनील घर पर लेटे हुए बातचीत कर रहे थे। इसी दौरान किसी ने घर का गेट खटखटाया। सुनील ने गेट खोला तो बाहर गांव का पड़ोसी भरतसिंह खड़ा था।

भरतसिंह ने बताया कि सरपंची के चुनाव चल रहे हैं और वोट के सिलसिले में उसके पिता ने सुनील को बुलाया है। इसके बाद वह सुनील को अपने साथ ले गया, लेकिन सुबह तक सुनील घर वापस नहीं लौटा। इसके बाद परिजनों ने गांव में जानकारी जुटाई तो पता चला कि भरतसिंह और उसके पिता भागाराम ने कथित तौर पर अपने घर में सुनील के साथ लाठी-डंडों से मारपीट की थी। बाद में पुलिस की गाड़ी उसे अस्पताल लेकर गई थी। परिजनों ने अस्पताल पहुंचकर जानकारी ली तो सुनील की मौत होने की जानकारी मिली। उसका शव अस्पताल में रखवाया हुआ था।

दर्ज मामले विकास कुमार ने यह भी आरोप लगाया कि करीब एक वर्ष पहले भी भरतसिंह व अन्य लोगों ने उसके भाई को जान से मारने की धमकी दी थी, जिस संबंध में पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई गई विकास कुमार ने दर्ज मामले में महेंद्र धानक, मनोज पत्नी भरतसिंह धाणक, घोलू धाणक, बरकत सिंह धाणक, झिड़ाराम धाणक, भंवर सिंह पूनियां सहित 3-4 अन्य लोगों पर भी भरतसिंह और उसके पिता को उकसाकर हत्या करवाने का संदेह जताया है। मृतक के भाई ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच करवाने, नामजद व्यक्तियों की भूमिका की जांच करने तथा दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने मृतक युवक का पोस्टमार्टम करवाकर शव उसके परिजनों को सौंप दिया है तथा मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

भूल से कीटनाशक का सेवन करने वाले युवक की मौत

जोधपुर, (कासं)। शहर के राजीव गांधी नगर थाना क्षेत्र में आए एक फार्म हाउस में कुछ दिन पहले युवक ने भूलवश कीटनाशक का पानी पी लिया। तबीयत बिगड़ने पर एमडीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया, मगर उसकी बाद में मौत हो गई। इस बारे में मृतक के भाई की तरफ से मर्ग में रिपोर्ट दी गई। मामले में कोई शक जाहिर नहीं किया गया।

राजीव गांधी नगर थाना पुलिस ने बताया कि मूलत: मध्यप्रदेश के विजयपुर श्योपुर का रहने वाला 33 वर्षीय राजकुमार पुत्र रामजी कुशवाह यहां राजीव गांधी नगर में आए एक कृषि फार्म पर काम करता था। उसने 18 अक्टूबर को बागवानी करते हुए सुबह के समय कीटनाशक लगे पानी का सेवन कर लिया था, जिस पर तबीयत बिगड़ने पर उसे एमडीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया, मगर अब उसकी मौत हो गई। उसके भाई अजमेर कुशवाह ने मर्ग में रिपोर्ट दी है। पुलिस ने शव को कार्रवाई उपरांत परिजन के सुपुर्द कर दिया।

महिला ने घर में फंदा लगाकर खुदकुशी की

जोधपुर, (कासं)। शहर के राजीव गांधी नगर थाना क्षेत्र बालाजी नगर में रहने वाली एक महिला ने अपने घर में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। उसकी शादी को छह साल हुए थे। पति गुजरात में है और कंस्ट्रक्शन का कार्य करता है। मृतका के पिता की तरफ से पुलिस में मर्ग की रिपोर्ट दी गई।

राजीव गांधी नगर पुलिस ने बताया कि बालेसर के भायला निवासी मांगीलाल पुत्र पुरखाराम जाट की तरफ से मर्ग में रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि उसकी पुत्री 25 वर्षीय शोभा की शादी वर्ष 2020 में बालाजी नगर में रहने वाले किरपाराम के साथ की गई थी। शादी के बाद से उसके दो साल का बेटा भी है। पति किरपाराम गुजरात में कंस्ट्रक्शन के काम में लगा है। दो दिन पहले उसकी पुत्री शोभा ने घर में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। परिजन को पता लगने पर अस्पताल लेकर गए, मगर डॉक्टर ने उसे मृत बता दिया। पुलिस ने बताया कि शव को कार्रवाई के बाद परिजन के सुपुर्द किया गया है। जांच एसडीएम की तरफ से की जा रही है।

अलवर में घर से निकली युवती चार दिन से लापता

अलवर, (निसं)। अलवर शहर के एक थाना क्षेत्र में घर से बाहर जाने की बात कहकर निकली 22 वर्षीय युवती चार दिन बाद भी वापस नहीं लौटी है। परिजनों ने उसकी काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिलने पर पिता ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पिता ने एक युवक पर बेटी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाने का शक जताया है।

पुलिस को दी रिपोर्ट में युवती के पिता ने बताया कि उनकी बेटी 26 अक्टूबर को दोपहर करीब 2 बजे घर से बाहर जाने की बात कहकर निकली थी। काफी समय बीतने के बाद भी जब वह घर नहीं लौटी तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। आसपास के इलाकों में पूछताछ करने के साथ रिश्तेदारों और परिचितों से भी संपर्क किया, लेकिन युवती के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल सकी। पिता ने अपनी रिपोर्ट में एक युवक पर बेटी को बहला-फुसलाकर ले जाने का शक जताया है। उन्होंने संबंधित युवक के मोबाइल नंबर भी पुलिस को उपलब्ध कराए हैं। परिजनों ने पुलिस से युवती का पता लगाकर उसे सुरक्षित बरामद करने की मांग की है। पुलिस ने पिता की रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी है।

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEEER
P.H.E.D CITY DIV. IV (NORTH) JAIPUR
Email:eenorth4.jai.phed@rajasthan.gov.in, Telephone No-0141-2988545

No.: E.E./CD4(N)/2026-27/2334-48 Dated: 21/10/26

Notice Inviting Bid

Bids for Procurement of 1. Annual Rate Contract for the work of transportation of water through Tankers in Bisalpur water supply Benefited areas (Low pressure areas) under the jurisdiction of City Division IV (North) Jaipur 2. Annual Rate Contract for the Work of Providing, laying, Jointing, Testing and Commissioning of DI/HDPE pipelines of various Dia on Rate contract with one years defect liability period under City Division-IV(North) Jaipur and 3. Annual Rate Contract for the Work of M.S. fabrication, Providing and fixing of MS Specials at various pump houses, pipe line network under City Division-IV(North) Jaipur NIT No 22-24/2026-27 is invited from interested bidders up to 06:00 PM 02.11.2026 Other particulars of the bid may be visited on the www.sppp.rajasthan.gov.in and www.eproc.rajasthan.gov.in of the state website UBN Code:
UBN Code: PHE2627WSRC06694, PHE2627WSRC06695
PHE2627WSRC06696

Executive Engineer,
PHED City Div.IV (North)
Vidhyadhar Nagar Jaipur

DIPR/C/18009/2026

वोट डालकर आ रहे लोगों की बैलगाड़ी को थार जीप ने टक्कर मारी

भीलवाड़ा, (निसं)। वोट डालकर खेत की तरफ लौट रहे एक ही परिवार के लोगों की बैलगाड़ी को एक थार जीप ने टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि बैलगाड़ी में सवार महिला सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और आसपास मौजूद ग्रामीणों ने तुरंत घायलों को संभाला।

- बैलगाड़ी में सवार महिला सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए



हादसे में घायल हुये लोगों को अस्पताल में भर्ती कर उपचार शुरु किया।

मिली जानकारी के अनुसार, अंटाली निवासी एक ही परिवार के तीन सदस्य मतदान करने के बाद अपनी बैलगाड़ी से खेत पर काम करने जा रहे थे। इसी दौरान शंभूगढ़ थाना क्षेत्र के अंटाली के पास तेज रफ्तार में आई एक थार जीप ने बैलगाड़ी को चपेट में ले लिया। हादसे में अंटाली निवासी गनिया देवी (25) पत्नी महेंद्र भील, घीसी देवी (60) पत्नी रामा भील और सीता देवी (55) पत्नी श्याम लाल भील गंभीर रूप से घायल हो गईं।

सूचना मिलने पर शंभूगढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए अंटाली स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। तीनों की हालत गंभीर होने के कारण प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उन्हें जिला अस्पताल (हायर सेंटर) के लिए रेफर कर दिया है। पुलिस ने थार जीप को जब्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

Rajasthan Medical Services Corporation Ltd.
(A Govt. of Rajasthan Undertaking), Gandhi Block, Swasthya Bhawan, Tilak Marg, Jaipur-302005, India Phone No: 0141-2228066, 2228064
Website: www.rmsc.health.rajasthan.gov.in, CIN : U24232RJ2011SGC035067, E-mail: edprmsc@rajasthan.gov.in

Ref. No. :- F.02 (452)/RMSCL/PROCUREMENT/DRUG/NIB-14/2026-27/5353 Dated :- 26/10/2026

Corrigendum

In reference to the NIB provided below, Corrigendum is issued for date extension in bid. All details may be seen on https://eproc.rajasthan.gov.in https://sppp.rajasthan.gov.in & https://www. rmsc.health.rajasthan.gov.in

Sr. No.	NIB No.	UBN No.	Tender ID on E-Proc	Existing Date			Amended Date		
				Last date and time of submission of online bids	Bid security, bid form fees, RISL fees and Empanelment fees deposited and submitted physically as per bid conditions	Date and time of opening of Online technical bids	Last date and time of submission of online bids	Bid security, bid form fees, RISL fees and Empanelment fees deposited and submitted physically as per bid conditions	Date and time of opening of Online technical bids
1	NIB 14/2026	MSC2627GLOB 00054	2026_RMSCL_601385_1	04.11.2026 up to 06:00 PM	04.11.2026 up to 06:00 PM	05.11.2026 at 11:00 A.M	12.11.2026 up to 06:00 PM	12.11.2026 up to 06:00 PM	13.11.2026 at 11:00 A.M
2	NIB 16/2026	MSC2627GLOB 00055	2026_RMSCL_601406_1	04.11.2026 up to 06:00 PM	04.11.2026 up to 06:00 PM	05.11.2026 at 11:00 A.M	12.11.2026 up to 06:00 PM	12.11.2026 up to 06:00 PM	13.11.2026 at 11:00 A.M
3	NIB 17/2026	MSC2627GLOB 00056	2026_RMSCL_601413_1	04.11.2026 up to 06:00 PM	04.11.2026 up to 06:00 PM	05.11.2026 at 11:00 A.M	12.11.2026 up to 06:00 PM	12.11.2026 up to 06:00 PM	13.11.2026 at 11:00 A.M
4	NIB 18/2026	MSC2627GLOB 00062	2026_RMSCL_602015_1	29.10.2026 up to 06:00 PM	29.11.2026 up to 06:00 PM	30.11.2026 at 11:00 A.M	12.11.2026 up to 06:00 PM	12.11.2026 up to 06:00 PM	13.11.2026 at 11:00 A.M
5	NIB 19/2026	MSC2627GLOB 00060	2026_RMSCL_601878_1	27.10.2026 up to 06:00 PM	27.10.2026 up to 06:00 PM	28.10.2026 at 11:00 A.M	12.11.2026 up to 06:00 PM	12.11.2026 up to 06:00 PM	13.11.2026 at 11:00 A.M
6	NIB 20/2026	MSC2627GLOB 00057	2026_RMSCL_601480_1	04.11.2026 up to 06:00 PM	04.11.2026 up to 06:00 PM	05.11.2026 at 11:00 A.M	12.11.2026 up to 06:00 PM	12.11.2026 up to 06:00 PM	13.11.2026 at 11:00 A.M
7	NIB 21/2026	MSC2627GLOB 00061	2026_RMSCL_601887_1	04.11.2026 up to 06:00 PM	04.11.2026 up to 06:00 PM	05.11.2026 at 11:00 A.M	12.11.2026 up to 06:00 PM	12.11.2026 up to 06:00 PM	13.11.2026 at 11:00 A.M
8	NIB 22/2026	MSC2627GLOB 00064	2026_RMSCL_602481_1	05.11.2026 up to 06:00 PM	05.11.2026 up to 06:00 PM	06.11.2026 at 11:00 A.M	12.11.2026 up to 06:00 PM	12.11.2026 up to 06:00 PM	13.11.2026 at 11:00 A.M

Raj.Samwad/C/26/12656

Director (Proc.)
RMSCL, Jaipur